06.05.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 1830 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ देशभर के 244 वर्गीकृत नागरिक सुरक्षा जिलों में कल मॉकड्रिल होगी–राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के 28 शहरों में भी पूर्वाभ्यास किया जाएगा।

○ राज्य में माइनिंग योजनाओं का ऑनलाइन अनुमोदन शुरू–करीब 30 हजार लाइसेंसधारक लाभान्वित होंगे।

○ राज्य के ज्यादातर हिस्सों में आंधी–बारिश के दौर से गर्मी के तेवर नरम हुए।

○ खेलो इंडिया यूथ गेम्स में राजस्थान की हर्षिता जाखड़ ने साइक्लिंग में स्वर्ण पदक जीता।

000

देशभर के 244 वर्गीकृत नागरिक सुरक्षा जिलों में कल मॉक ड्रिल की जाएगी। पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए गृह मंत्रालय ने व्यापक नागरिक सुरक्षा मॉकड्रिल करने का फैसला लिया है। ये ड्रिल देशभर में एक साथ होगी और इसका उद्देश्य किसी भी संभावित आतंकी हमले की स्थिति में नागरिकों को तैयार करना है। इस मॉकड्रिल में कई महत्वपूर्ण गतिविधियां शामिल होंगी। सायरन बजाकर लोगों को चेतावनी दी जाएगी। इसके साथ ही ब्लैक आउट की भी व्यवस्था होगी, जिसमें शहरों और इमारतों की लाइट बंद की जाएंगी। यह पूर्वाभ्यास ग्रामीण स्तर तक किये जाने की योजना है। केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन ने इसकी तैयारियों की समीक्षा के लिए राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों के साथ बैठक की। गृह मंत्रालय कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेन्स के जरिये हुई इस बैठक में नागरिक सुरक्षा महानिदेशक, एनडीआरएफ महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

इधर, प्रदेश में ये सिविल डिफेंस ड्रिल राजधानी जयपुर समेत 28 शहरों में की जाएगी। इसे लेकर कई तैयारियां की गई हैं मुख्य सचिव सुधांश पंत ने आला अधिकारियों की बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। चित्तौडगढ से हमारे संवाददाता ने बताया कि मॉकड्रिल के तहत सिटी कंट्रोल रूम से हूटर बजेगा। इस दौरान बिजली बंद रहेगी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुजरात के केवड़िया में चल रहे भाजपा सांसदों और विधायकों के प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया। तीन दिवसीय शिविर दूसरे दिन आज विभिन्न सत्रों में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उद्‌बोधन दिया। मुख्यमंत्री ने इससे पहले कल 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' स्थल पर सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव भी उनके साथ रहे। उन्होंने केवड़िया में मां नर्मदा की पूजा अर्चना कर सभी के जीवन में सुख समृद्धि की कामना की।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े आज कोटपूतली–बहरोड़ दौरे पर रहे। उन्होंने अधिकारियों के साथ जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की। श्री बागडे ने नई शिक्षा नीति, मनरेगा विकास कार्यों, सोलर पैनल, मृदा स्वास्थ्य कार्ड सहित कई बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करने के लिए शिक्षा का प्रसार आवश्यक है। प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित होनी चाहिए।

000

आईआईटी जोधपुर के शोधकर्ताओं ने सुरक्षित और सुलभ पेयजल के लिए कम लागत का उपकरण विकसित किया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि ये उपकरण जल स्त्रोतों में आर्सेनिक प्रदूषण का मौके पर ही पता लगा सकता है। पानी में आर्सेनिक की मौजूदगी कई बीमारियों का कारण बनती है, ऐसे में ये उपकरण स्वास्थ्य खतरों को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

000

राज्य में माइनिंग योजनाओं का ऑनलाइन अनुमोदन शुरू हो गया है। खान विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि राज्य में खनन क्षेत्र को पारदर्शी बनाने की व्यवस्था के तहत ये शुरूआत की गई है। उन्होंने बताया कि जयपुर, ब्यावर, सिरोही, बारां, बांसवाड़ा और चूरु में लाइमस्टोन बर्निंग, मेसेनरी स्टोन, ग्रेनाइट, लाइमस्टोन क्रशर और क्वार्टज फेल्सपार के माइनिंग प्लान और योजनाएं अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की गई हैं। श्री रविकान्त ने बताया कि नई व्यवस्था से करीब 30 हजार अप्रधान खनिज लीजधारक और क्वारी लाइसेंसधारक लाभान्वित हो सकेंगे।

000

ब्यावर जिले के केसरपुरा में अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही की गई। खनिज विभाग, राजस्व और पुलिस की ओर से की गई इस संयुक्त कार्यवाही में मौके पर फेल्सपार का अवैध खनन पाया गया। जिला कलेक्टर महेन्द्र खड़गावत ने बताया कि यहां से निकले इस खनिज का निर्यात किया गया, जिसकी कीमत 2 करोड़ 27 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर खातेदारी निरस्त करने की कार्यवाही शुरू कर दी है।

000

राज्य में पिछले तीन–चार दिनों से चल रहे आंधी–बारिश के दौर से तापमान में कमी आई है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है। कई स्थानों पर मौसम खुशनुमा बना हुआ है। अधिकतर जिलों में दिन और रात का तापमान सामान्य से 5 से आठ डिग्री नीचे दर्ज किया जा रहा है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार मई के पहले पखवाड़े में राज्य के ज्यादातर हिस्सों में गर्मी के तेवर नरम रहेंगे। आज जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, जालौर, नागौर, बूंदी, अलवर सहित कई जिलों में तेज हवाएं चलने और आंधी के साथ कहीं–कहीं हल्की बारिश होने के समाचार हैं। बालोतरा में गरज के साथ कुछ देर मूसलाधार बारिश हुई। जिले के पाटोदी, कल्याणपुर और पचपदरा में भी अच्छी बरसात हुई। श्रीगंगानगर से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के पदमपुर और रायसिंह नगर में तेज पानी बरसा।

...............

डीग में काफी देर रिमझिम बारिश का दौर चला। इसके अलावा, कई जिलों में बादल छाए रहे। इस बीच, उदयपुर में कल रात आए अंधड़ और तेज बारिश से शहर में कई जगह बिजली के खम्भे और पेड़ गिर गए।

मौसम केंद्र जयपुर ने अगले सप्ताह तक आंधी–बारिश का दौर जारी रहने की संभावना जताई है। केंद्र निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि जोधपुर, कोटा और उदयपुर संभागों में आज और कल तेज आंधी चलने और बारिश के साथ बिजली गिरने की आशंका है। विभाग ने इसके लिए अलर्ट भी जारी किया है।

000

राज्य में लू–तापघात की स्थिति के मद्देनजर ग्रीष्मकालीन सघन निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। इसके माध्यम से दवाईयों की निर्बाध और समुचित आपूर्ति तथा चिकित्सा उपकरणों की क्रियाशीलता की निगरानी रखी जाएगी। राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की ओर से अभियान के लिए 27 टीमों का गठन किया गया है। कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने बताया कि ये टीमें जिलों में की जा रही आवश्यक तैयारियों को लेकर 30 मई तक रिपोर्ट देंगी।

000

खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 साइक्लिंग प्रतियोगिता में राजस्थान की हर्षिता जाखड़ ने स्वर्ण पदक जीता है। गेम्स के तीसरे दिन, आज नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में लड़कियों की इस प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। इसमें साढे सात किलोमीटर स्क्रैच रेस में हर्षिता ने ये उपलब्धि हासिल की। आकाशवाणी से बातचीत में हर्षिता ने कहा कि स्पर्धा में काफी टक्कर रही और हर खिलाडी ने सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की।

...............

राजस्थान के ही महावीर सरन ने लड़कों की 10 किलोमीटर स्क्रैच रेस में रजत पदक हासिल किया।

000

प्रदेश में गरीबी मुक्त गांव बनाने पर जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसके लिए बजट में प्रावधान किया है और इस नवाचार के तहत पहले चरण में पांच हजार गांवों का लक्ष्य रखा गया है।

000